हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 10 फरवरी 2026

06 नेपाल से भटक कर भारत आए बुजुर्ग को समाजसेवी...



07 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर न पानी है न शौचालय और न ही ...






## समाचार संक्षेप

### अवैध डीपी रखकर अतिक्रमण करने पर नपा ने थमाया नोटिस

**गुना।** शहर की न्यू सिटी कॉलोनी (एबी रोड) में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से विद्युत ट्रांसफार्मर (डीपी) रखकर अतिक्रमण करने के मामले में नगरपालिका ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने वार्ड क्रमांक 02 निवासी गौरव अग्रवाल को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। नगरपालिका के अनुसार, ए.बी. रोड पर बिना अनुमति डीपी रखने और पैवर्स बिछाने से आवागमन बाधित हो रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह कृत्य नगरपालिका अधिनियम 1961 की धाराओं का उल्लंघन है। नपा ने बिजली कंपनी (एमपीईबी) के सहायक यंत्री को भी पत्र लिखकर बिना सहमति के स्थापित की गई इस डीपी को अन्यत्र शिफ्ट करने को कहा है। समय सीमा में अतिक्रमण न हटाने पर नपा द्वारा वैधानिक कार्यवाही कर हर्जाना वसूला जाएगा।

### केवलचंद जैन की स्मृति में 46 मोतियाबिंद मरीजों को मिली नेत्र ज्योति



**गुना।** अंधत्व निवारण समिति व मानस भवन निर्माण समिति के सहयोग से लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना द्वारा मानस भवन गुना में केवलचंद जैन की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. जैन की पत्नी कुसुम देवी जैन, पुत्र डॉ. एसएम जैन, आनंद जैन (सजावट) एवं जैन परिवार द्वारा द्वीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित आलोक अग्रवाल, निकलंक जैन संजय जैन, रवि रतलामी द्वारा स्व. केवलचंद को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में 214 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर 46 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चयन किया गया। जिनके ऑपरेशन निशुल्क किए गए। आगामी निशुल्क शिविर 10 फरवरी को बीनागंज, कुंभराज एवं बुधवार को शाढ़ोरा, अशोकनगर में किया जाएगा।

### जोधपुर-भोपाल और दयोदया एक्सप्रेस से दो मोबाइल चोरी

**गुना।** रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों के कीमती सामान पर अज्ञात चोरों की नजर बनी हुई है। जीआरपी थाना गुना में मोबाइल चोरी के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पहले मामले में अशोकनगर निवासी महेंद्र सिंह कुशवाह जोधपुर-भोपाल ट्रेन के जनरल कोच में गुना से अशोकनगर की यात्रा कर रहे थे, तभी पगारा स्टेशन के पास अज्ञात चोर ने उनकी जेब से 12,990 रुपये कीमत का ओप्पो मोबाइल पार कर दिया।दूसरी घटना दयोदया सुपरफास्ट एक्सप्रेस की है, जहां शिवपुरी निवासी पंकज लोधी जयपुर से गुना की यात्रा कर रहे थे। गुना स्टेशन आने से पहले जब उनकी नींद खुली, तो जैकेट की जेब से 17,000 रुपये का वीवो मोबाइल गायब था। जीआरपी पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसा, बाइक सवार भतीजे दामाद और चाचा ससुर की मौत

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलोनिया के पास गत देर शाम एक हृदयविदारक सडक़ हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में गुना के शासकीय कस्तूरबा कॉलेज में पदस्थ मनोज मीणा और उनके सगे चाचा ससुर रामसिंह मीणा की जान चली गई। अज्ञात वाहन की भीषण टक्कर के कारण दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जिससे दो परिवारों में मातम छा गया है।मिली जानकारी के अनुसार, अशोकनगर जिले के ग्राम रावसर निवासी मनोज मीणा (35) अपने चाचा ससुर रामसिंह मीणा (60), जो राजस्थान के निवासी थे, के साथ रविवार शाम को बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। मनोज मीणा गुना के कस्तूरबा कॉलेज में कार्यरत थे और रविवार होने के कारण वे अपने खेत आदि देखने आए थे। शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच जब वे बिलोनिया के पास पहुँचे, तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।परिजनों ने बताया कि शाम को मनोज की घर पर बात हुई थी और उन्होंने कहा था कि वे गांव के लिए निकल चुके हैं।

## सार्वजनिक स्थानों व होटल-ढाबों पर छापेमारी, कई प्रकरण दर्ज

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिला आबकारी विभाग द्वारा जिले में मदिरा सेवन एवं परोसने की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों एवं छुपे हुए होटल-ढाबों पर दबिश दी गई। सूचना पूर्व में लग जाने के कारण कुछ होटल सूने पाए गए।

कार्रवाई के अंतर्गत दिनांक 08 फरवरी रविवार रात्रि में होटल राजपूताना (हाईवे), होटल शूटर द होटल (इंडस्ट्रियल एरिया), सरदारजी होटल (इंडस्ट्रियल एरिया), जज्जी बस स्टैंड, पुरानी साइकिल फैक्ट्री क्षेत्र, अंडरब्रिज बस स्टैंड के पास एवं होटल अमन (बस स्टैंड) सहित अन्य स्थानों की जांच की गई। कार्रवाई कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं उपायुक्त आबकारी संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में की गई।

दबिश की कार्रवाई वृत्त एवं नियंत्रण कक्ष प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा की गई। जांच के दौरान उक्त स्थानों पर नवयुवकों सहित विभिन्न व्यक्तियों को मदिरा सेवन करते पाया गया। होटल-ढाबा संचालकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। साथ ही कई व्यक्तियों को समझाइश देकर भविष्य में होने वाली कानूनी कार्रवाई एवं संभावित दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

आबकारी विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ होटल-ढाबों पर नवयुवक मदिरा सेवन जैसी बुरी आदत का शिकार हो रहे हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। इसको दृष्टिगत रखते हुए जिला आबकारी अधिकारी द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कार्यवाही के दौरान मदिरा पीने एवं पिलाने वालों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 36(अ) एवं 36(ब) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए।

कलेक्टर कन्याल द्वारा निर्देशित किया गया है कि इस प्रकार की कार्रवाई सभी होटल-ढाबों एवं सार्वजनिक स्थानों पर निरंतर जारी रहेगी, तथा जिन होटलों में शादियाँ एवं अन्य आयोजन होते हैं, उन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

### जिला अस्पताल की व्यवस्था पर एक बड़ा और गंभीर सवाल

## इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर नशे में धुत, अस्पताल हुआ शर्मसार

- नशे में ड्यूटी करता मिला डॉक्टर! सस्पेंशन की कार्रवाई शुरू
- नशे में धुत डॉक्टर इमरजेंसी में कैसे हुआ तैनात मौत के मुहाने पर मरीज बेसुध डॉक्टर
- वीडियो ने खोली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल
- जिस पर जान बचाने की जिम्मेदारी वही नहीं पहचान रहा मरीज को






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला अस्पताल से एक ऐसी शर्मनाक तस्वीर सामने आई है जिसमें अस्पताल की व्यवस्था पर एक बड़ा और शर्मनाक सवाल खड़ा हो गया है।जिला अस्पताल जैसी संवेदनशील और जीवन रक्षक संस्था में डॉक्टर की लापरवाही ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। रविवार रात इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अजय सिंह राठौर पर नशे की हालत में अस्पताल पहुंचने का आरोप लगाया गया है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डॉक्टर की हालत इतनी खराब थी कि वे न तो मरीजों को पहचान पा रहे थे और न ही इलाज से संबंधित पर्चा सही ढंग से पकड़ पा रहे थे। इमरजेंसी वार्ड में इलाज की आस लेकर पहुंचे मरीज डॉक्टर की इस दुर्दशा को देखकर हतप्रभ रह गए।

कई मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल सका, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। वीडियो में साफ तौर पर डॉक्टर की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार दिखाई दे रहा है, जो चिकित्सा जैसे पवित्र और जिम्मेदार पेशे पर गहरा दाग है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए डॉ. अजय सिंह राठौर को निलंबित करने का प्रस्ताव भेज दिया है। हालांकि, यह सवाल अब भी बना हुआ है किक्या केवल निलंबन पर्याप्त है? मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले डॉक्टरों पर कठोर कार्रवाई कब होगी?

#### स्वास्थ्य विभाग की निगरानी प्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह

जिला अस्पताल, जहां गरीब और जरूरतमंद लोग आखिरी उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, वहां इस तरह की लापरवाही न केवल व्यवस्था की पोल खोलती है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की निगरानी प्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है।अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले को सिर्फ औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रखता है या फिर दोषियों के खिलाफ सख्त और उदाहरण मूलक कदम उठाए जाते हैं।

## महू खान के पास सड़क किनारे आग से झुलसा युवक मिला

### 90 फीसदी झुलसा, पास में सुरक्षित रखे मिले रुपए



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मावन-महू खान मार्ग पर सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ सडक़ किनारे एक युवक बेहद गंभीर रूप से झुलसी हुई अवस्था में मिला है। हैरानी की बात यह है कि युवक की जेब में रखे रुपए और अन्य सामान घटनास्थल के पास ही सुरक्षित तरीके से अलग रखे मिले, जिनमें आग का एक भी निशान नहीं था।

इस रहस्यमयी घटना ने पुलिस को उलझा कर रख दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सेमरा का मूल निवासी विकास रघुवंशी (30), जो वर्तमान में शहर की साईं सिटी कॉलोनी में रह रहा था, सुबह करीब 8 बजे घर से बाल कटवाने की बात कहकर अपनी बाइक से निकला था। करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने उसे महू खान के रास्ते पर बुरी तरह झुलसी हुई हालत में देखा। उस समय युवक बात कर पा रहा था और उसने अपना नाम विकास बताया, लेकिन कुछ ही देर में उसकी स्थिति बेहद नाजुक हो गई। सूचना मिलते ही कैंट पुलिस मौके पर पहुँची और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में उलझी पुलिस, खुदकुशी या साजिश?

घटनास्थल का दृश्य कई सवाल खड़े कर रहा है। विकास की बाइक सडक़ किनारे स्टैंड पर व्यवस्थित खड़ी मिली। पास ही उसके पैसे और जेब का सामान करीने से रखा हुआ था, जो पूरी तरह सुरक्षित है। डॉक्टर के अनुसार युवक 90 प्रतिशत से अधिक झुलस चुका है और फिलहाल कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। कैंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव ने बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की तफ्तीश कर रही है कि यह आत्मदाह का प्रयास है या किसी ने साजिश के तहत उसे आग लगाई है।

## बंधक श्रमिकों की विमुक्ति के लिए जिला प्रशासन व श्रम विभाग की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई सख्त कार्रवाई के अंतर्गत ग्राम सोठी, जिला गुना निवासी हरनाम पिता प्रथी सहरिया (40) उनकी पत्नी उर्मिला पति हरनाम (30) तथा उनके चार बच्चों जिनमें एक 7 वर्षीय बालक एवं तीन बालिकाएं शामिल को बंधक श्रमिक की स्थिति से विमुक्त कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त परिवार विगत लगभग 8 माह से गिर्राज उर्फ हुजूर राजपूत (53) निवासी ग्राम आचकलपुर, तहसील राघोगढ़, जिला गुना के यहां बंधक श्रम की स्थिति में रहकर कार्य करने को विवश था। इस गंभीर प्रकरण की शिकायत अमीन खान, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, ग्वालियर खंडपीठ द्वारा की गई थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिला श्रम अधिकारी आशीष तिवारी के नेतृत्व में श्रम विभाग एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा संयुक्त छापामार कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को सुरक्षित रूप से विमुक्त कराया गया। कलेक्टर कन्याल द्वारा प्रकरण में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिये गए हैं। साथ ही विमुक्त श्रमिक परिवार को शासन की योजनाओं के अंतर्गत आवश्यक सहायता एवं पुनर्वास उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि बंधक श्रम जैसी अमानवीय प्रथा को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, तथा ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## अस्पताल की नई क्रिटिकल केयर बिल्डिंग में ट्रायल शुरू किया

### ओपीडी व इमरजेंसी सेवाएं परखी जा रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला अस्पताल परिसर में निर्मित नई क्रिटिकल केयर यूनिट और नवीन ओपीडी भवन में सोमवार से ट्रायल रन शुरू कर दिया गया। आज सुबह से ही डॉक्टरों और स्टाफ ने नई बिल्डिंग में बैठकर कामकाज शुरू किया, ताकि व्यवस्थाओं का वास्तविक आकलन किया जा सके और औपचारिक रूप से संचालन शुरू होने से पहले कमियों को दूर किया जा सके। ट्रायल के तहत भवन के एक हिस्से में ओपीडी सेवाएं चालू की गईं, जबकि दूसरे हिस्से में केजुअल्टी और इमरजेंसी व्यवस्था रखी गई है। सुबह से ही आवश्यक उपकरण, फर्नीचर और उपचार से संबंधित सामग्री को व्यवस्थित ढंग से शिफ्ट कर संबंधित कक्षों में स्थापित किया गया। अस्पताल प्रबंधन का उद्देश्य है कि नई व्यवस्था में मरीजों की आवाजाही, रजिस्ट्रेशन, उपचार और भर्ती की प्रक्रिया कितनी सुचारू रहती है, इसका व्यावहारिक परीक्षण किया जा सके।सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने बताया कि नवीन ओपीडी को आज ट्रायल आधार पर चालू किया गया है और पूरा स्टाफ यहीं कार्य कर रहा है। उनके अनुसार यह भवन क्रिटिकल इमरजेंसी ढांचे पर आधारित है, जिसमें गंभीर मरीजों के लिए त्वरित उपचार की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर की मंशा के अनुरूप पहले चरण में ट्रायल रन कर व्यवस्थाओं को परखा जा रहा है, ताकि जो भी सुधार आवश्यक हों, उन्हें शीघ्र लागू किया जा सके।



उन्होंने कहा कि नई यूनिट का मुख्य उद्देश्य गोल्डन ऑवर के दौरान आने वाले गंभीर मरीजों को तुरंत बेड और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे किसी भी प्रशासनिक प्रक्रिया में समय न लगे और मरीज की जान बचाने की संभावना बढ़े। मरीज की स्थिति स्थिर होने पर उसे संबंधित वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा। ट्रायल अवधि में सामने आने वाली तकनीकी या व्यवस्थागत समस्याओं का बिंदुवार आकलन कर उनके समाधान की रूपरेखा तैयार की जाएगी। प्रबंधन का मानना है कि कुछ ही दिनों में सभी व्यवस्थाएं अंतिम रूप लेकर नई बिल्डिंग में नियमित रूप से ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं शुरू हो जाएंगी, जिससे जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों के उपचार की क्षमता और सुविधाएं पहले की तुलना में अधिक सुदृढ़ होंगी।

### एसआईआर कार्य में प्रदेश में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान, कलेक्टर ने अधिकारियों का बढ़ाया हौसला

## सभी अधिकारी प्रो-एक्टिव होकर करें कार्य : कलेक्टर कन्याल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान

बैठक के आरंभ में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 2026 (एसआईआर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गुना जिले द्वारा प्रदेश में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर कन्याल ने तालियां बजाकर निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों एवं टीम को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया।

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर सख्त निर्देश

आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण, बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

हाल ही में संजय स्टेडियम में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट के बेहतरीन आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा नगर पालिका की पूरी टीम की प्रशंसा की गई।



### लक्ष्य तय कर नो पेंडेंसी पर करें कार्य

कलेक्टर कन्याल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागीय योजनाओं के लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि कितने प्रयास किए जा रहे हैं और उनकी कितनी प्रभावी मॉनिटरिंग हो रही है। उन्होंने नो-पेंडेंसी की भावना से प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए।


### संकल्प से समाधान अभियान में तेजी लाने के निर्देश

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं पत्रों के शीघ्र निराकरण को बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

### क्रिटिकल केयर सेंटर से बढ़ेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय में क्रिटिकल केयर सेंटर के प्रारंभ होने पर कलेक्टर ने कहा कि इससे आमजन को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। बैठक के प्रारंभ में ई-गवर्नेंस मैनेजर गौतम श्रीवास्तव एवं सीनियर जीआईएएस एग्जीक्यूटिव श्रीमती पूजा द्वारा डिस्ट्रिक जीआईएस पोर्टल एवं परख एप्लीकेशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जीआईएस आधारित एसेट मैपिंग, डाटा अपडेट, निरीक्षण प्रक्रिया तथा परख ऐप के माध्यम से डिजिटल निरीक्षण दर्ज करने की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, सटीक एवं तकनीक आधारित बनाना है।

## पेंशनर संघ राघौगढ़ की मासिक बैठक आयोजित



**राघौगढ़।** 8 फरबरी को पेंशनर संघ राघौगढ़ की मासिक बैठक आयोजित हुई । जिन सदस्यों का फरबरी माह में जन्मदिन था उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आज शिवरी जयंती भी संघ द्वारा हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई । संघ के साथियों द्वारा गीत प्रस्तुति के कार्यक्रम को ओर लुभावना बना दिया । बैठक सौहाद्र पूर्वक सम्पन्न हुईबाबूलाल वस्त्री रमेश चन्द वस्त्रींराधे श्याम व्यास का जन्म दिन मना कर उन्हें पुष्प हार पहना कर सम्मान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष आरबीएस परिहार वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालमुकुंद बस्तरी उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वास्त्री कोषाध्यक्ष रमेश चन्द सैनी एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा में सुधार की मांग सांसद प्रतिनिधि विजय कुमार जैन ने पत्र भेजा

**राघौगढ़।** सांसद प्रतिनिधि एवं राघौगढ़ के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार जैन ने संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र भेजकर डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा में सुधार एवं दरें काम करने का अनुरोध किया है। विजय कुमार जैन ने संचार मंत्री को भेजे विस्तृत पत्र में उल्लेख किया है वर्तमान में स्पीड पोस्ट सेवा के 50 ग्राम के पत्र को एक ही नगर में पहुंचाने के लिए लगभग 25 एवं देश के विभिन्न नगरों में पहुंचाने के लिए55 निर्धारित शुल्क है। जबकि प्राइवेट कोरियर कंपनियों द्वारा लगभग20 या 30 वसूल किए जाते हैं। आपने यह भी उल्लेख किया है स्पीड पोस्ट सेवा के पत्र बहुत विलंब से संबंधितों तक पहुंच रहे हैं। विजय कुमार जैन ने लिखा है उनके नाम गंजबासौदा जिला विदिशा से दिनांक 20 जनवरी को स्पीड पोस्ट का पत्र बुक किया गया था वह पत्र राघौगढ़ 27 जनवरी को 8 दिन में मिला। जबकि डाक विभाग की वेबसाइट में उल्लेख है कि स्पीड पोस्ट सेवा का पत्र 3 दिन में पहुंच जाता है। विजय कुमार जैन ने मांग की है कि स्पीड पोस्ट सेवा की वर्तमान दरों का जनहित में पुनः निर्धारण किया जाये। एक ही नगर में पहुंचाने के लिए उक्त पत्र 20 में एवं देश के अन्य नगरों में पहुंचाने के लिए 50 ग्राम पत्र के लिए अधिकतम 30 वसूल किए जाये। साथ ही जब स्पीड पोस्ट सेवा प्रारंभ हुई थी उस समय स्पीड पोस्ट सेवा के पत्र दूसरे या तीसरे दिन वितरित हो जाते थे। विजय कुमार जैन ने पत्र में सिंधिया को लिखा है कि हमारा सौभाग्य है कि आप देश के संचार मंत्री हैं। आप स्पीड पोस्ट सेवा को और लोकप्रिय बनाने रेट पुनः निर्धारण करने एवं पत्रों को जल्दी पहचाने के आदेश देने का कष्ट करें। आपने पत्र की प्रतिलिपि श्री दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद, जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक राघौगढ़ विनीत पांडे महानिदेशक डाक सेवा नई दिल्ली को भी भेजी हैं।

## भाजपा की जिला बैठक संपन्न, संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई ।इस कामकाजी बैठक में विशेष रूप से वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी की आजीवन सहयोग निधि के एकत्रीकरण को लेकर उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार एवं गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने इस विषय पर अपने विचार साझा किए । इस अभियान के अंतर्गत जिला महामंत्री संतोष धाकड़ को जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीना को सह संयोजक बनाया गया है। बैठक में जिला महामंत्री रविन्द्र सिंह रघुवंशी,चन्द्र प्रकाश अहिरवार भी मंचासीन रहे।

# डकैती एवं गंभीर मारपीट के 7 वर्ष पुराने प्रकरण में फरार 2 आरोपी किए गिरफ्तार

### पुलिस अधीक्षक के सशक्त एवं संवदेनशील नेतृत्व में फरार आरोपियों पर गुना पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़



गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवदेनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में फरार अपराधियों की गिरफरी हेतु निरंतर, सक्रिय और प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमति दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में राघौगढ़ थाना प्रभारी और परिवीक्षाधीन डीएसपी आनंद कुमार राय और उनकी टीम द्वारा वर्ष 2019 में थानांतर्गत लालापुरा राघौगढ में घटित डकैती एवं गंभीर मारपीट के एक प्रकरण में फरार 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की गई है ।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 08 सितंबर 2019 को राघौगढ़ थाने पर फरियादी राजीव पुत्र रामबाबू श्रीवास्तव निवासी लालापुरा, राघौगढ़ द्वारा आरोपी शब्बीर पुत्र वशीर खां, शब्बीर की पत्नि, उसका लडका माइकल एवं परिवार के अन्य अज्ञात लोगों द्वारा एक राय होकर धारदार हथियार लेकर घर में घुसकर मारपीट करने, तोडफोड करने, मोबाइल ले जाने संबंधी राघौगढ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिस पर से राघौगढ थाने पर अप.क्र 339/19 धारा 147, 148, 149, 323, 452, 506, 395, 427, 324 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था । पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान उक्त प्रकरण में फरार आरोपियों की तात्कालिक गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए गए । निर्देशों के पालन में राघौगढ़ थाना पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास और तेज किए गए एवं इस हेतु अपना सूचना तंत्र और अधिक सुदृढ़ करते हुए संकलित जानकारी के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सघन दविशें दी गईं, जिसके फल स्वरूप विगत दिवस मुखबिर सूचना के आधार पर राघौगढ़ थाना पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करते डकैती एवं गंभीर मारपीट के 07 वर्ष पुराने प्रकरण में फरार चल रहे दो आरोपियों 1-शेख शिराजुद्दीन उर्फ टिंकी पुत्र शेख शाहबुद्दीन उर्फ गुड्डू मुसलमान उम्र 35 साल निवासी दौराना दवाखाना के पीछे राघौगढ एवं 2-इमरान राईन पुत्र बाशिद राईन उम्र 28 साल निवासीगण लालापुरा राघौगढ हाल हाउसिंग बोर्ड राजीव कालोनी करोंद थाना निशातपुरा भोपाल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया । राघौगढ़ थाना पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी एवं परिवीक्षाधीन डीएसपी आनंद कुमार राय, उपनिरीक्षक कमल सिंह मीना, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र शर्मा,प्रधान आरक्षक चालक हदेश कुमार, आरक्षक धर्मेन्द्र रावत, आरक्षक अनुज रघुवंशी, आरक्षक अमित जाट, आरक्षक हरवीर बागडी, आरक्षक देवेन्द्र धाकरे, आरक्षक देवेन्द्र नरुका, आरक्षक अजय सिकरवार एवं आरक्षक मनोज सिकरवार की विशेष भूमिका रही है।

# नेपाल से भटक कर भारत आए बुजुर्ग को समाजसेवी ने सुपुर्द कर घर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नेपाल नेपाल से भारत आए और रास्ता भटक जाने के कारण गुना जिले में कई दिनों से भटक रहे बुजुर्ग खुशीलाल मंडल को समाजसेवी प्रमोद भार्गव की पहल से सकुशल उनके देश नेपाल भेज दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, खुशीलाल मंडल कुछ दिनों पूर्व अपने साथियों के साथ नेपाल से भारत द्वारिकाधीश मंदिर के दर्शन के लिए आए थे। इसी दौरान वे अपने साथियों से बिछड़ गए और ट्रेन के माध्यम से गुना पहुंच गए। इसके बाद वे जिले में इधर-उधर भटकते रहे।स्थिति की जानकारी मिलने पर समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने उन्हें अपने संरक्षण में लिया और पूछताछ की। खुशीलाल मंडल ने स्वयं को नेपाल के सप्तरी जिले का निवासी बताया। प्रमोद भार्गव द्वारा की गई पड़ताल में उनका गांव बनरझुला चिन्हित हुआ। वहां के वार्ड अध्यक्ष से संपर्क करने पर



खुशीलाल मंडल की पहचान की पुष्टि हुई। जानकारी में यह भी सामने आया कि उनका एक बेटा दुबई में मजदूरी करता है तथा वृद्ध पत्नी अस्वस्थ होने के कारण आने में असमर्थ है।इस दौरान खुशीलाल मंडल को गुना स्थित आनंद धाम वृद्ध आश्रम में अस्थायी रूप से भर्ती कराया गया,और जहां उनकी उचित देखरेख की गई।इन दादा की जानकारी गुना जिला प्रशासन को भी अवगत कराया,, इसके बाद प्रमोद भार्गव ने इस संबंध में नेपाल के गृह मंत्रालय के सचिव आनंद काप्ले को सूचना दी, जिसके बाद नेपाल दूतावास के माध्यम से आवश्यक कागजी कार्रवाई पूर्ण की गई। नेपाल और भारत में कार्यरत संस्था किन इंडिया के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह को गुना भेजा गया।सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत प्रमोद भार्गव ने खुशीलाल मंडल को नेपाल प्रशासन के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया। विदाई के अवसर पर खुशीलाल मंडल का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानपूर्वक उन्हें उनके घर नेपाल भेजा गया। समाजसेवी प्रमोद भार्गव के इस मानवीय प्रयास की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## गुना में पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पर बाबा पशुपतिनाथ जी का दिव्य श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

9 फरवरी 2026 को शहर के प्रसिद्ध सार्वजनिक श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर, पुराना बस स्टैंड ए.बी. रोड, गुना में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाव्य पुरी के जगन्नाथ जी की तर्ज पर बाबा पशुपतिनाथ जी का दिव्य श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था तथा भगवान के दिव्य श्रृंगार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं का कहना था कि इस प्रकार का दिव्य श्रृंगार गुना शहर के लिए गौरव की बात है और इससे धार्मिक वातावरण और अधिक पवित्र हुआ है। मंदिर समिति द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला तथा श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की।

# पतंजलि योगपीठ महिला इकाई द्वारा आयोजित योग सभा में योग के सार को समझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

पतंजलि योगपीठ महिला इकाई द्वारा आयोजित योग सभा का कार्यक्रम स्वामी रामदेव जी की शिष्या साध्वी देवादिति दीदी जी एवं श्री महंत श्री ईश्वर दास जी, पप्पू महाराज जी के सॉरगर्वित उद्बोधन जिसमें पूज्य साध्वी देवा दीदी द्वारा योग मानव जीवन में क्यों आवश्यक है। वर्तमान में लोग बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं इसे कैसे बचा जा सकता है । अनेक सुंदर उदाहरणों से योग के सार को समझाया । पूज्य पप्पू महाराज जी ने भी योग से रोगों की मुक्ति के बहुत अच्छे उदाहरण एवं मानव जीवन के लिए योग की आवश्यकता पर बहुत ही सारगर्वित




उद्बोधन दिया । मंच की मर्यादा विशेष रूप से सराहनीय रही पूज्य संत जी का पृथक से मंच था पूज्यसाध्वी जी का भी पृथक से मंच था शसुधा त्रिवेदी एवं सीमा शर्मा भी पृथक से मंचासीनथी एवं सुधा त्रिवेदी राज्य प्रभारी महिला पतंजलि योगसमिति, कृष्ण योगेंद्र रघुवंशी राज्य प्रभारी पतंजलि बाबूलाल यादव जिला प्रभारी सीमा शर्मा गुना जिला महिला प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ डॉ विश्वास सहित अनेक जिले से पधारे हुए पदाधिकारी गण स्थानीय सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र रघुवंशी भगवान लाल शर्मा पतंजलि योगपीठ के तहसील प्रभारी धर्मेंद्र रघुवंशी पतंजलि महिला पीठ की तहसील प्रभारी रेखा व्यास एवं पत्रकार छगनलाल शर्मा देवेंद्र शर्मा रानी श्रीवास्तव राधा रमन शर्मा माखन प्रजापति बलराम यादव दिलीप ग्वाल भगवान लाल शर्मा टेंट वृंदावन व्यास सहित नगर के प्रबुद्ध लोगों के सानिध्य में संपन्न हुआ । मंच संचालन नीतू व्यास द्वारा किया गया समापन पश्चात आभार विष्णु प्रसाद दुबे द्वारा किया गया । जिसमें महिलाएं एवं पुरुषों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

सोमवार को जिला चिकित्सालय अशोकनगर में वैश्य महा सम्मेलन मध्यप्रदेश जिला युवा इकाई द्वारा मेंन इकाई एवं महिला इकाई के साथ जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शेखावत एवं परम संरक्षक डा. डी.के. जैन सहाब द्वारा मां लक्ष्मी मैया के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ संदीप जैन वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला अध्यक्ष हरीश जैन वल्ला, महामंत्री श्रेयांश जैन, युवा इकाई जिला अध्यक्ष संजीव भारिल, प्रभारी श्याम कुमार गुप्ता, महिला जिला अध्यक्ष रचना गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष सीमा सुराणा,महामंत्री अनीता जैन, रानी नामदेव , युवा इकाई तहसील प्रभारी इंजी. नितिन जैन आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर गिरीश जी गुप्ता, निलेश गुप्ता, रवि नामदेव, तीन नये सदस्य बनाएं गये नवीन सदस्यो को वार्षिक कैलेंडर 2026 प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि तीनों नवीन सदस्यों ने रक्तदान भी किया। कार्यक्रम में वैश्य बन्धुओं सहित तीनों ईकाईओ के पदाधिकारीगण, सदस्यगण उपस्थित रहे।




अन्य रक्तदाताओ के साथ ही अपने जन्मदिन पर जिला अध्यक्ष हरीश जैन बल्ला व उनकी धर्मपत्नी अनीता जैन ने भी रक्तदान किया कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल ने किया एवं सभी का आभार युवा इकाई जिला अध्यक्ष संजीव भारिल द्वारा व्यक्त किया गया। रक्तदान शिविर में हरीश जैन वल्ला, गिरीश गुप्ता, नितिन जैन, नीलेश गुप्ता, रवि नामदेव, रचना गुप्ता, अनीता जैन, रानी नामदेव, कुमारी गार्गी सुराणा, रामकिशोर ओझा, रंजीत लोधी, गोलू नरवरिया द्वारा रक्तदान किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने जिला अध्यक्ष हरीश जैन बल्ला को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल ने किया एवं युवा इकाई जिला अध्यक्ष संजीव भारिल ने रक्तदान कार्यक्रम में सहयोग के लिए मेडिकल स्टाफ एवं वैश्य महा सम्मेलन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार प्रकट किया गया।

## भाजपा मंडल शाढ़ौरा द्वारा कृषक श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭शाढ़ौरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल शाढ़ौरा द्वारा आज सोमवार को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत मंडल शाढ़ौरा के झीला शक्ति केंद्र पर कृषक श्रमिक चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वीबी-जी राम जी के जिला सहप्रभारी धर्मवीर सिंह रघुवंशी, जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी शीला जाटव, मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, शाढ़ौरा नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर,वरिष्ठ नेता भोगीराम सिंह, रणवीर सिंह,गजेंद्र सिंह पूर्व पार्षद, मंडल महामंत्री अनिल रघुवंशी, मुनेश अहिरवार, मंडल उपाध्यक्ष भूपेन्द्र दुबे, शिवराज सिंह कुंदोरा, बंटी रघुवंशी सरपंच, महेंद्र सिंह विजयपुरा, मनोज रघुवंशी, देवेन्द्र रघुवंशी सहित समस्त कार्यकर्ता एवं श्रमिक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता रघुवंशी ने बताया केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लाई गई योजना वीबी-जी राम जी योजना का मतलब श्रमिकों का सम्मान व रोजगार भी है इसके तहत अब 100 से बढ़कर 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया है।

# जिले में अवैध शराब को लेकर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

### कई थानों की पुलिस ने मामले दर्ज कर अवैध शराब की जब्त

**अशोकनगर।** जिले में करीला मेले को देखते हुए अभी से अवैध शराब के निर्माण पर शख्त कार्यवाही की जा रही है। एक दिन पहले ओर नदी पर अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई थी। जिसके बाद जिले में पुलिस ने अवैध शराब को लेकर बड़ी कार्यवाहियां की हैं।

जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने डिपों कॉलोनी निवासी संजना सांसी के पास से 59 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के चन्देरी थाने की पुलिस ने ग्राम सोंतेर निवासी बबलू पुत्र बालकिशन आदिवासी के पास से 75 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के शाढौरा थाने की पुलिस ने तोरन आदिवासी निवासी ग्राम चारौदा के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने ग्राम मुल्लाखेडी निवासी अज्ञात आरोपी के पास से 30-30 के तीन केनों में कुल 90 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार ओर नदी के किनारे मुल्लाखेडी में देहात पुलिस ने यहां भी तीन केनों से कुल 90 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

**चन्देरी पुलिस ने 75 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की:** चंदेरी पुलिस की अवैध



शराव के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, ग्राम दूधराई मे खदानों के पास 75 लीटर हाथ भटटी से बनी अवैध कच्ची शराब को किया जप्त व 2000 लीटर लाहन किया नष्ट एवं एक आरोपी गिरफ्तार किया । दिनांक 09.02.2026 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम दूधराई में खदानों के पास दो व्यक्ति हाथ भटटी की बनी कच्ची शराब कहीं ले जाने / बेचने के लिये खडे है। । सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए चंदेरी पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। आरोपी बबलू पुत्र बालकिशन आदिवासी उम्र 30 साल निवासी ग्राम सौंतर के कब्जे कुल 75 लीटर हाथ भटटी से बनी अवैध कच्ची शराब कीमती करीवन 11250 रुपए जप्त की गई एवं शराब बनाने की करीब 2000 लीटर लहान को मौके पर नष्ट किया।

## श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शिव पुराण कथा का आयोजन किया

**अशोकनगर।** अशोकनगर यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में मनाया जा रहा है। शिव नवरात्रि महाव्रत महोत्सव साथ-साथ में हिंदू



धर्म लोक रीति रिवाज से की जा रही है शिव विवाह की सभी रस्में जिसमें मंगलवार को टीका फल दान की रस्म बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाई जावेगी। आज शिव पुराण के अनुसार पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि राजा हिमाचल की पुत्री पार्वती जी से भगवान शिव शंकर का वरन होना है जिसमें नारद जी ने हस्तरेखा देखकर हिमाचल राजा को बताया कि आपकी पुत्री के भाग्य में महान योगी तथा सर्वगुण संपन्न फक्कड़ नाथ से विवाह होना है और आपकी पुत्री अगर तपस्या करे तो भगवान भगवान शिव शंकर से विवाह हो जाएगा लेकिन आजकल भगवान से प्रार्थना नहीं करती बल्कि प्रेम विवाह करके बाद में बाय बाय होकर विवाह का बंधन टूट जाता है इसलिए अपने माता-पिता की अनुमति से ही विवाह किया जाए तो अति उत्तम है आज 92 श्रद्धालुओं ने शिव पार्थिव लिंगों का निर्माण किया जिनकी संख्या 9936 हुई जिनका विधिवत पूजन छोटे महाराज महेंद्र मिश्रा ने किया। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने शिव महिम्न स्त्रोत का पाठ किया तथा दसो उपचार से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया तथा ओम नमः शिवाय की संगीत में ध्वनि लगाई गई।

### प्रशासन ने बोर्ड परीक्षा को लेकर किए पुख्ता इंतजाम

# हायर सेकेंड्री के 33 और हाई स्कूल के लिए 34 केंद्र बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 10 फरवरी से और कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 14 फरवरी से प्रारंभ होगीं। हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में 34 केन्द्र और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा को लेकर 33 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिले में इन परीक्षाओं को लेकर 33 केन्द्र ऐसे होगें जहां दोनो परीक्षाए होगीं। अकेले प्राणपुर केन्द्र पर हाई स्कूल परीक्षा का आयोजन होगा। जिले में अशोकनगर ब्लॉक में 13 परीक्षा केन्द्र मुंगावली में 9, ईसागढ में 7 और चन्देरी में 5 परीक्षा केन्द्र ब नाए गए हैं। जिले में इन परीक्षाओ को लेकर 4 संवेदनशील केन्द्र हैं जिनमें दो अशोकनगर ब्लॉक में एक मुंगावली व एक ईसागढ ब्लॉक में हैं। स्वाध्यायी परीक्षार्थीयों के लिए जिले में 5 केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें अशोकनगर में 2 और मुंगावली,ईसागढ, चंदेरी में एक-एक केन्द्र बनाए गए हैं। कक्षा 10वी की परीक्षा जो 14 फरवरी से प्रारंभ होगी इस परीक्षा में 10705 परीक्षार्थी शामिल होगें जिनमें नियमित 9542 और स्वाध्यायी 1253 परीक्षार्थी होगें। कक्षा 12वी की परीक्षा जो 10 फरवरी से प्रारंभ हो रही है जिसमें 7660 परीक्षार्थी शामिल होगें। जिसमें नियमित 6837 और स्वाध्यायी 823 परीक्षार्थी शामिल होगें। सभी केन्द्रों को मिलाकर 34 केन्द्राध्यक्ष बनाए गए हैं जिले में परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी के लिए 9 निरीक्षण दल बनाए गए हैं जिनमें अशोकनगर में 3 तथा ईसागढ,मुंगावली चंदेरी में 2-2 निरीक्षण दल बनाए गए हैं। अशोकनगर में आदर्श बाल विद्या मंदिर जो अभी तक परीक्षा केन्द्र हुआ करता था उसे इस बार परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया गया है यहां 3 मंजिला भवन होने तथा छोटे छोटे कमरे होने की वजह से यह निर्णय लिया गया है।




## परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थीयों के लिए नियम

**परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र की जांच एवं भवन में प्रवेश**

1 मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु निर्धारित समय से एक घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
2 केन्द्राध्यक्ष को परीक्षा प्रांरभ होने के निर्धारित समय से 20 मिनिट पूर्व तक छात्र को परीक्षा कक्ष में प्रवेश देने का अधिकार होगा।
3 यदि छात्र प्रातः 8:40 बजे के पश्चात उपस्थित होता है तो उसे परीक्षा में सम्मिलित न कराया जाने का अधिकार होगा।
4 किसी भी प्रकार का केल्कूलेटर, मोबाईल फोन, किताबें, नकल सामग्री लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश पूर्णतः वर्जित है।
5 प्रत्येक दिन परीक्षा प्रारम्भ होने के समय के आधा घन्टा पूर्व लम्बी घन्टी बजाई जाए।
6 परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व सभी कमरों में छात्रों को प्रत्येक दिन यह चेतावनी दी जाएं कि वे अपने पास अनुचित साधन (नकल) की कोई सामग्री न रखें। नकल का प्रयोग दण्डनीय है।
7 परीक्षा प्रारम्भ होते ही केन्द्र के कमरों के बाहर पड़ी हुई सभी वस्तुओं को एकत्र करके एक कमरे में रखवा दे, ताकि उनका दुरूपयोग न हो।
8 परीक्षा प्रारम्भ होने से दो घन्टे तक किसी परीक्षार्थी से उत्तरपुस्तिका उसके देने पर भी न ली जाए और न ही उसे बाहर जाने दिया जाए।
9 परीक्षा के प्रत्येक घण्टे के बीत जाने पर एक घण्टी बजाकर परीक्षार्थियों को सूचित करें। परीक्षा समाप्त होने में पांच मिनट शेष रह जाने पर घण्टी बजवाने की व्यवस्था की जाए या परीक्षार्थियों को वैसा सूचित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### जुए के अडडों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले में पुलिस ने जुओं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। जिले के बहादुरपुर थाने की पुलिस ने ग्राम गीलारोपा में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए लालसिंह कटारिया, दलवीर सिंह कटारिया, दिनेश कटारिया, अमित कटारिया को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 1250 रूपए और ताश की गडडी बरामद की हैं। जिले के देहात थाने की पुलिस ने ग्राम बांसाखेड़ी में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए शिशुपाल अहिरवार, राजपाल अहिरवार, प्राणंसिह और मलखान सिंह अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 3500 रूपए बरामद किए हैं। जिले की देहात थाने की पुलिस ने ग्राम बांसाखेडी में ही ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए परमाल, रामवीर, प्रदीप अहिरवार और राधेश्याम कोरी को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 2800 रूपए और ताश की गडडी बरामद की गई हैं।

### ऑनलाईन क्रिकेट का सट्टा खिलाते हुए पाने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने की पुलिस ने कुड़ीघाट के समीप गिर्राज शर्मा,मिथुन राजपूत और आकाश राजपूत को ऑन लाईन आइडी के माध्यम से क्रिकेट का सटटा खेलते हुए पाए जाने पर एक मोबाइल जप्त किया गया है।

### कमर पर पिस्टल लगाकर वीडियो वायरल करने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने की पुलिस ने अनिल जाटव निवासी ग्राम पचबावड़ी को इंस्टाग्राम आईडी पर कमर मे पिस्टल लगाकर सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो वायरल किए जाने पर मामला दर्ज किया गया है।

### शासन ने चौकी बनाई, जिले में संचालित नहीं, आखिर जिम्मेदार कब लेंगे सुध...?

# जिले में पुलिस की 11 चौकी घोषित, लेकिन बरखाना और देपालखेड़ी में पुलिस चौकी का अता पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में पुलिस विभाग की गतिविधियों को गंभीरता से संचालित किया जा सके, जिसे देखते हुए पुलिस महकमे ने अशोकनगर जिले में थानों के अलावा 11 पुलिस चैकी भी घोषित की रखी हैं। लेकिन जिले में दो पुलिस चैकी ऐसी भी है जो आज तक अस्तित्व में नहीं आ पाई हैं। शासन के रिकार्ड में यह पुलिस चैकी संचालित है लेकिन धरातल पर इस नाम की कोई पुलिस चैकी संचालित नहीं हैं। यहां न तो पुलिस चैकीयों के भवन हैं न कोई स्टाफ है और न ही किसी तरह की जानकारी लोगों को है।

अशोकनगर जिला मध्यप्रदेश के संवेदनशील जिलों में से एक है, यह संवेदनशील इस लिए है कि इस जिले की सीमाएं सबसे पहले उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले से लगती हैं, दो राज्यों को आपस में मिलाने वाला यह जिला है। अशोकनगर जिले की सीमा से लगे जिलों में सागर संभागीय मुख्यालय, पड़ौसी जिला गुना,शिवपुरी और विदिशा जिले शामिल हैं। इन जिलों को आपस में जोड़ने वाला अशोकनगर जिला है। इस जिले की उपयोगिता इसलिए भी और बढ़ गई है कि मुंगावली चन्देरी राजमार्ग से उत्तरप्रदेश के लखनऊ, कानपुर शहरों से जहां यातायात आता है वहीं भोपाल, सागर, जबलपुर इलाकों को यातायात भी कानपुर और लखनऊ के लि जाता है। इस कारण वाहनों के आवागमन के साथ क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियां भी धीरे धीरे पैर पसार रही हैं।

### पुलिस चौकी की घोषणाए राजनेताओं द्वारा की गई थीं

इन्ही गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों की मांग पर शासन ने जिले में कानूनी व्यवस्था को लेकर पुलिस चैकी घोषित की थीं जिनमें नईसरायं थाने के अंतर्गत देपालपुर और मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम बरखाना में पुलिस चैकी घोषित की गई थी। बरखाना में पुलिस चैकी की घोषणा मुख्यमंत्री के पद पर रहे शिवराज सिंह चैहान द्वारा की गई थी। तब से लेकर आज तक यह कागजों पर चल रही है लेकिन मौके पर आकार नहीं ले पाई हैं। इन दोनों पुलिस चैकीयों के अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण नागरिकों को अभी तक इस बात का पता नही है कि शासन ने उनके यहां पुलिस चैकी स्थापित करने की घोषणा करके रखी है। लेकिन कौन पुलिस चैकी खुलवाएगा, किसकी जिम्मेदारी है, इससे जनप्रतिनिधि भी अनविघ्य हैं और यही कारण है कि इन दोनों ही स्थानों पर यह पुलिस चैकीयां आज तक स्थापित नहीं हो पाई हैं।




### जिले में एक पुलिस चौकी पर नहीं है अपना भवन

जिले में एक नजर इन पुलिस चैकीयों पर डाले तों 9 पुलिस चैकीयों पर बंगला चैराहा पर स्थित पुलिस चैकी ऐसी है जिसका अपना कोई भवन नहीं है यह एक किराए के मकान में चल रही है। शेष 8 पुलिस चैकीयों में सारसखेडी, महौली, राजघाट, विक्रमपुर, थूवोनजी, मल्हारगढ, भादौन, और राजपुर शामिल हैं। महौली में भी अलग से पुलिस चैकी का भवन नहीं है।

### करीला धाम को पुलिस चौकी की जरूरत

शासन और जनप्रतिनिधियों को कौन समझाए कि कहां पर पुलिस चैकी की जरूरत है, जहां जरूरत है वहां मांगते मांगते लोग थक गए हैं जिनमें पहले नम्बर पर करीला धाम हैं जहां मेले में 20 लाख श्रद्धालु पहुंचते हैं और इतने ही श्रद्धालु पूरे वर्ष भर करीला धाम पर आते हैं। यहां वाहन चोरी होना, आम आदमी के साथ घटनाएं हो जाना सामान्य बात है। लेकिन पुलिस चैकी नहीं है। जनसुरक्षा की जिम्मेदारी यहां होनी चाहिए लेकिन कोई इंतजाम नहीं हैं। लोग मजबूरी में या तो मामला दर्ज नहीं कराते या तो कराते है तो बहादुरपुर जाना पड़ता है। यह वह पवित्र स्थान है जहां जानकी माता ने मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के परित्याग के बाद सीता मैया ने अपने जीवन का शेष समय यहीं पर व्यतीत किया था। इस धाम पर दो बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव और दो ही बार मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज सिंह चैहान आ चुके हैं लेकिन आज तक पुलिस चैकी की घोषणा नहीं कर पाए। लोगों की धारना है कि इस बार मुख्यमंत्री आएगें और पुलिस चैकी की घोषणा करके जाएगें।




### अशोकनगर शहर पुलिस चौकी विहीन

जिला मुख्यालय का शहर अशोकनगर पुलिस चैकी को तरस रहा है, यहां शहर दो भागों में बटां है शहर का एक भाग बड़ी आवादी वाला हिस्सा है। जहां सारे व्यापार के काम काज चलते हैं, यही से मंडी का रास्ता जाता है लेकिन यहां अगर कोई अपराध हो जाए तो पुलिस थाने तक पहुंचते पहुंचते अपराधी नदारद हो जाते हैं। सिटी कोतवाली और देहात थाना जिला मुख्यालय पर हैं लेकिन वह दोनों ही रेलवे लाईन के दूसरी ओर हैं। बढ़ती आवादी, फैलता जिला, विस्तार की दौड़ में आगे बढते नगर को सुरक्षा और कानून की दृष्टि से इस भीड़ भाड़ वाले व्यापारिक इलाके में पुलिस चैकी की जरूरत है। अगर पुराने थाने भवन में पुलिस चैकी की स्थापना की जाए तो लोगों को तात्कालिक रूप से पुलिस की मदद मिल सकेगी और कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ होगी।

### नईसरायं के नए थाना भवन को उद्घाटन का इंतजार, कदवाया में नए भवन की जरूरत

जिले में अब थानों की बात करें तो जो नईसरायं का थाना है यह बहुत पुराने थानों में से एक है अभी तक यह थाना सरायं के भवन में लगता आ रहा था। अब थाने का अपना नया भवन बन गया है लेकिन भवन के लोकार्पण का इंतजार है। कदवाया में नए थाने के भवन को लेकर जमीन का आवंटन हो गया है लेकिन अभी भवन नहीं बना है। सेहराई में पहले पुलिस चैकी संचालित होती थी उसी भवन को थाने का रूप दिया गया है। सेहराई में भी अलग से नए भवन की जरूरत है। मुंगावली में पहले थाना पुराने भवन में लगता था अब यह थाना नए भवन में स्थानांतरित हो गया है, लेकिन जनता की मांग है कि थाना पुराने भवन में ही लाया जाए, लेकिन न अधिकारियों ने सुनवाई की न जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया जिसके कारण आज तक थाना पुराने भवन में नही आ पाया है, नए भवन से ही थाने का संचालन हो रहा है।

### प्रयास करेगा विभाग

जिले में कुछ और नई पुलिस चौकीयों की जरूरत है, करीला धाम में प्राथमिकता से पुलिस चौकी की मांग पहले भी होती रही है, यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हमारे भी प्रयास हैं। इसी प्रकार अशोकनगर शहर में भी आधे क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से इंतजाम नही है, शहर में पुलिस चैकी स्थापित हो, जनता की मांग को पूरी करने के प्रयास पुलिस विभाग करेगा।

**गजेन्द्र सिंह कंवर**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर।

# बैठक में संकल्प से समाधान अभियान पर विशेष जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




शासन के निर्देशानुसार जिले में संकल्प से समाधान अभियान में विभागीय अधिकारी प्रगति लाएं। साथ ही निराकरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी निर्धारित पोर्टल पर दर्ज की जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं ,सीएम हेल्पलाईन, करीला मेला की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं की डिजीटल अपडेशन जानकारी बेवसाइड पर अपलोड होनी चाहिए। जिससे हितग्राहियों को आसानी से योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल हो सके। साथ ही शासन द्वारा समय-समय पर संचालित अभियान की जानकारी बेवसाइट पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत माह जनवरी 2026 की विभागवार ग्रेडिग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डी एवं सी ग्रेड वाले विभाग शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड में आने के लक्ष्य को पूरा करें। कोई भी शिकायत नॉट अटेण्ड न रहे। साथ ही 100 दिवस से ऊपर की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने सीएम डेशबोर्ड के संबंध में विभागवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के आवेदनों का निराकरण सभी अधिकारी निर्धारित समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी बेहतर रखें। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं व्यवस्थित हों। परीक्षा के दौरान प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा जाए। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु गठित दलों द्वारा सतत निरीक्षण कर निर्विघ्न रूप से बोर्ड परीक्षाओं का संचालन कराया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की बैठकें नियम समय पर कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल, आंगनवाडी केन्द्रों पर बच्चों की सामूहिक गतिविधियां प्रार्थना, राष्ट्रीय गीत, प्रेरक प्रसंग तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन कराया जाए।रोजगार,उद्योग एवं निवेश के लिए स्वरोजगार हेतु प्रोजेक्टस का चयन कर हितग्राहियों को रोजगार से जोडने के अवसर प्रदान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शासन द्वारा प्राप्त पत्रों का जबाव निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही कर दिया जाए। बैठक में निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल हेतु डाली जाने वाली पाइप लाइनों की ऊंचाई निर्धारित मापदण्ड अनुसार सुरक्षित हो। साथ ही जेसीबी से खुदाई कर विद्युत केबिल,गैस पाइप लाइन क्षतिग्रस्त न हो यह सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी नगरीय निकाय तथा ग्राम पंचायत की होगी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजविहारीलाल श्रीवास्तव, एसडीएम अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे।साथ ही गूगल मीट से समस्त एसडीएम,तहसीलदार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने जुड़कर भाग लिया।

### अव्यवस्थाओं के बीच कैसे होगा नौनिहालों की शिक्षा और शारीरिक विकास

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर न पानी है न शौचालय और न ही बिजली

**ईसागढ़।** जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी से कार्यकर्ताओं द्वारा किराए के भवनों या स्वयं के निवास पर केंद्र संचालित करने को विवश आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं। जहां 750 रूपये प्रतिमाह किराए में कहां से मिलेंगी बिजली पानी और शौचालय की व्यवस्था ।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा महिला बाल विकास परियोजना विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति तो की जा रही है लेकिन उनके लिए आंगनवाड़ी भवनों को लेकर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है अधिकांश आंगनवाड़ी केन्द्र अव्यवस्थाओं के बीच चल रहे हैं जहां बच्चों और महिलाओं को शौचालय, पानी और बिजली की कोई व्यवस्था नहीं ऐसे में छोटे छोटे बच्चों को कैसे शिक्षा मिले जहां खेलने को पर्याप्त मैदान नहीं जो भवन शासन द्वारा बनाए गए है उनमें भी लापरवाही देखने मिल रही है ठेकदारों द्वारा घटिया निर्माण किए गए और उनको कार्यकर्ताओं को सुपुर्द कर दिए जहां बाउंड्री फर्श भी सही निर्माण नहीं हुआ भवन में शौचालय का गड्ढा ही नहीं और जिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ के पास भवन नहीं है वो किराए के घरों में केन्द्र संचालित कर रही है या फिर स्वयं के घर पर ऐसे में उनको विभाग द्वारा मात्र 750 रुपए मिलते है वो भी समय पर नहीं ऐसे में केन्द्र पर कोई सामान भी नहीं रख पाती है और न ही खिलौने। ग्रामीण क्षेत्र में तो विद्यालय और पंचायत के अतिरिक्त कक्ष में केन्द्र लग रहे है लेकिन नगर में संचालित केंद्र जिन पर भवन के लिए किसी का ध्यान नहीं शासन प्रशासन द्वारा नगर में नगर परिषद द्वारा जगह चिन्हित कराई जाए और आंगनवाड़ी केन्द्र बनाए जाने के लिए राशि आवंटित की जाए जिससे ग्राम में 10 लाख रुपए से निर्मित हो रहे आंगनवाड़ी केन्द्र की तरह नगर में भी इस प्रकार के केन्द्र बने जिससे उचित व्यवस्थाओं के बीच नौनिहालों का भविष्य बन सके उसके लिए समाजसेवी संस्थाएं भी अपना योगदान देकर आंगनवाड़ी केन्द्र को गोद ले और उनकी व्यवस्थाओं का जायजा समय समय पर लेकर विभाग को अपनी रिपोर्ट दे तभी होगा आंगनवाड़ी केन्द्रों का विकास।




### एक ऐसी स्त्री के जीवन और कार्यों को उजागर करती है यह बावड़ी जिसकी कीर्ति सत्ता से नहीं है

# राजमती बावड़ी का खतरे में अस्तित्व, जिम्मेदार भी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले का चंदेरी अंचल अपनी खूबीयों के लिए इतिहास के पन्नों में भी दर्ज है और मौलिकता यहां के पोर पोर मे समाई हुई है। जहां कदम बढ़ते जाएं वहां खूबीयां ही खूबीयां दिखाई पड़ती हैं लेकिन उन्हें संवारने की जरूरत है। अगर समय रहते इन्हे संरक्षित नहीं किया गया तो यह भविष्य की गर्त में गुमनाम हो जाएगीं। ऐसी स्त्री के जीवन और कार्यों को उजागर करती है यह बावड़ी जिसकी कीर्ति सत्ता से नहीं, बल्कि दान, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व से उपजी थी। यह कोई और नहीं अपितु सिंहपुर चाल्दा की राजमती बावड़ी है। इस संबंध में चंदेरी के इतिहासविद और शोध कर्ता डॉ. अविनाश कुमार सराफ ने बताया कि चंदेरी में मध्यकालीन भारतीय इतिहास के अध्ययन में अब तक राजनैतिक सत्ता, युद्धों और वंशावलियों को प्रधानता दी जाती रही है, जबकि नगर-निर्माण, जल-संरचना तथा लोक-कल्याण में योगदान देने वाले स्थानीय संरक्षकों और दानदाताओ विशेषतः स्त्रियों की भूमिका अपेक्षाकृत उपेक्षित रही है। चंदेरी स्थित सिंहपुर चाल्दा क्षेत्र की राजमती बावड़ी से प्राप्त संवत 1535 (28 जनवरी 1479 ई.) का शिलालेख इस दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक ऐसी स्त्री के जीवन और कार्यों को उजागर करता है, जिसकी कीर्ति सत्ता से नहीं, बल्कि दान, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व से उपजी थी।

### शिलालेख का भौतिक एवं भाषिक स्वरूप

राजमती बावड़ी से प्राप्त यह शिलालेख नागरी लिपि में उत्कीर्ण है और इसमें कुल 36 पंक्तियाँ हैं। इनमें से 16 पंक्तियाँ संस्कृत पद्य में तथा 20 पंक्तियाँ प्रारंभिक हिंदी गद्य में अंकित हैं। यह मिश्रित भाषिक स्वरूप अपने आप में मध्यकालीन सामाजिक-सांस्कृतिक संक्रमण को दर्शाता है। अभिलेख की भाषा, अलंकरण और कथ्य से यह स्पष्ट होता है कि इसे केवल स्मारक-लेखन नहीं, बल्कि स्मृति-संरक्षण के उद्देश्य से रचा गया था।






### वंश-परंपरा एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि

शिलालेख के अनुसार राजमती का मूल संबंध शिरोहनगर से था। अभिलेख में उनके वंश का क्रमिक विवरण मिलता हैकृछज्जला, उवारा और भैरव। भैरव का वर्णन विद्या, भक्ति और त्यागशीलता से युक्त व्यक्ति के रूप में किया गया है, जिन्होंने पैतृक संपदा का त्याग कर गृहत्याग का मार्ग अपनाया। गुजरात क्षेत्र में उनके प्रवास का उल्लेख मिलता है, जहाँ उन्होंने ब्राह्मणों के साथ पवित्र स्थल पर निवास किया। इसी भैरव की पुत्री के रूप में राजमती का जन्म हुआ। शिलालेख में उनके रूप, वाणी, विद्या और नृत्य-कला का वर्णन मिलता है, किंतु यह वर्णन केवल सौंदर्य-गान तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके व्यक्तित्व की सामाजिक प्रतिष्ठा को रेखांकित करता है। तेजस्विता और युक्तिपूर्ण व्यवहार के कारण उन्हें 'राजमती' की उपाधि प्राप्त हुई।

### राजमती और समकालीन सत्ता-संरचनाएँ

शिलालेख से ज्ञात होता है कि राजमती का संपर्क मांडू के सुल्तान घियास-उद-दीन से था। सुल्तान द्वारा उन्हें प्रदत्त धन, हाथियों और अन्य संसाधनों का उल्लेख अभिलेख में विस्तार से मिलता है। यह महत्वपूर्ण तथ्य है कि राजमती ने इस धन का उपयोग निजी वैभव के स्थान पर सार्वजनिक हित के कार्यों में किया। अभिलेख में यह भी वर्णित है कि राजमती का यश मांडू तक सीमित नहीं रहा। जौनपुर के सुल्तान हुसैन शाह, पांडुआ के बरबक शाह, दिल्ली के बहलोल लोदी, थट्टा के तुगलक शासक, गुजरात के कुतुब-उद-दीन तथा बीदर के बहमनी शासक द्वारा उन्हें विभिन्न प्रकार की भेंटें प्रदान किए जाने का उल्लेख मिलता है। यह विवरण मध्यकालीन भारत में एक स्त्री की अंतर-क्षेत्रीय प्रतिष्ठा और सामाजिक स्वीकार्यता का दुर्लभ प्रमाण प्रस्तुत करता है।

### राजमती बावड़ी लोक-कल्याण का स्थापत्य

राजमती के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और स्थायी योगदान राजमती बावड़ी का निर्माण है। शिलालेख में इस बावड़ी के जल को शुद्ध, शीतल और अमृततुल्य बताया गया है। स्थापत्य-निर्माण के अवसर पर वैदिक अनुष्ठानों, ब्राह्मणों के आमंत्रण तथा स्वर्ण-तुल्य दान के विवरण से यह स्पष्ट होता है कि यह कार्य धार्मिक और सामाजिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया। बावड़ी का निर्माण यात्रियों और स्थानीय जनसमुदाय के लिए किया गया था, जिससे यह संरचना केवल धार्मिक दान न होकर सार्वजनिक जल-संरचना के रूप में स्थापित होती है। यह तथ्य चंदेरी के मध्यकालीन शहरी विकास को समझने में सहायक है।

### परिवार एवं उत्तराधिकार

शिलालेख में राजमती के परिवार का भी उल्लेख है पिता भैरौदा, माता माणिकदेवी, बहन भानुमती, भाई दासु तथा पुत्र रामचन्द्र और वेणीदास। रामचन्द्र को महाकवि, दानशील और चरित्रवान बताया गया है तथा गियासशाही और नासिरशाही शासकों द्वारा सम्मानित होने का उल्लेख मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि राजमती का परिवार विद्या और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय था।

### संरक्षण की आवश्यकता

राजमती बावड़ी का शिलालेख चंदेरी के इतिहास में स्त्री-केंद्रित दान और लोक-कल्याण की परंपरा का एक प्रामाणिक साक्ष्य है। यह अभिलेख सिद्ध करता है कि नगर का ऐतिहासिक विकास केवल शासकों और युद्धों से नहीं, बल्कि स्थानीय संरक्षकों के सतत योगदान से भी निर्मित हुआ। वर्तमान में यह बावड़ी राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है, किंतु इसके संरक्षण और प्रस्तुतीकरण की तत्काल आवश्यकता है। यदि इसका वैज्ञानिक जीर्णोद्धार कर सूचना-पट्ट, शिलालेख की प्रतिलिपि और व्याख्यात्मक विवरण उपलब्ध कराए जाएँ, तो यह स्थल न केवल शोधार्थियों बल्कि पर्यटकों के लिए भी चंदेरी के इतिहास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। यह शिलालेख स्मरण कराता है कि इतिहास में यश केवल सत्ता से नहीं, बल्कि दान, करुणा और विवेक से भी अर्जित किया जाता है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देहला निवासी भूरा आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुनेश, कल्ला और चेनू जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लुधाया निवासी रघुवीर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकिशन, अब्बू, और मुकेश केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लुधाया निवासी रामकृष्ण रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडेरा निवासी बृजकिशोर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बली सिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से बली सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बृजकिशोर यादव और जन्डेल सिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# आखिरकार धराए वेयरहाउस से गेहूं की लूट करने वाले लुटेरे

**58 क्विंटल गेहूं बरामद, घटना में प्रयुक्त वाहन और उपकरण भी किया जब्त**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

2 फरवरी को फरियादी जसरथ पिता अमरचंद, जाति मीना, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम कांसोरकला, थाना ब्यावरा शहर, रात्रि लगभग 1 बजे वेयरहाउस में चौकीदारी कर रहे थे। उसी दौरान चार अज्ञात आरोपियों द्वारा फरियादी को कट्टा जैसी वस्तु अड़ाकर बंधक बना लिया गया। आरोपियों द्वारा दूसरे चौकीदार हरिसिंह प्रजापति के कमरे में जाकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया गया एवं दोनों चौकीदारों को कमरे में बंद कर दिया गया। तत्पश्चात आरोपियों ने चाकू दिखाकर वेयरहाउस के गेट की चाबी छीनी तथा वेयरहाउस में रखी सरकारी गेहूं की 30 बोरियां लूटकर फरार हो गए। उक्त घटना पर थाना ब्यावरा शहर में अपराध क्रमांक 86/2026, धारा 309(6) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### खंगाले 500 सीसीटीवी कैमरे

घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रारंभिक स्तर पर आरोपियों एवं वाहन की पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। घटनास्थल आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर स्थित होने से वहां वाहनों की निरंतर आवाजाही बनी रहती है। तकनीकी विवेचना के दौरान वेयरहाउस के आस-पास एवं पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया, जिसमें 'आपरेशन चक्षु 360 के तहत जिलें में लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरों का इस पुलिस टीम द्वारा आगराद्मुंबई हाईवे पर लगे लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का क्रमबद्ध एवं सूक्ष्म परीक्षण किया गया। निरंतर तकनीकी विश्लेषण एवं फुटेज मिलान के पश्चात घटना में प्रयुक्त वाहन की पहचान की गई । जांच के दौरान वाहन का पंजीयन (आइसर वाहन) प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर वाहन चालक की पहचान कर आगे की कार्रवाई की गई।

### यह हैं गिरफ्तार आरोपी

- फारुख खान पिता अहमद खान उम्र 42 वर्ष, निवासी रसूलपुर, थाना औद्योगिक क्षेत्र, जिला देवास
- कान्हा पिता लगजीराम मोंगिया उम्र 30 वर्ष, निवासी लेकोडा, थाना नीलगंगा, जिला उज्जैन
- अंबाराम पिता नागूलाल मालवीय उम्र 29 वर्ष, निवासी जूनापानीखेड़ा, थाना तराना, जिला उज्जैन

### यह माल हुआ जब्त

आरोपियों के कब्जे से 58 क्विंटल (116 बोरी) गेहूं घटना में प्रयुक्त आइसर वाहन कटर एवं अन्य उपकरण जप्त किए गए हैं। प्रकरण के 02 आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### आरोपियों का विवरण एवं आपराधिक रिकॉर्ड

- **आरोपी क्रमांक-1 फारुख खान पिता अहमद खान**
उम्र 42 वर्ष, निवासी रसूलपुर, थाना औद्योगिक क्षेत्र, जिला देवास
अप.क्र. 103/2011 / धारा 379 भादवि (थाना कांटाफोड़)
अप.क्र. 147/2011 / धारा 379 भादवि (थाना सतवास)
अप.क्र. 904/2011 / धारा 379, 411 भादवि (थाना बीएनपी)
अप.क्र. 07/2012 / धारा 379 भादवि (थाना टोंकखुर्द)
अप.क्र. 28/2012 / धारा 379 भादवि (थाना कांटाफोड़)
अप.क्र. 18/2012 / धारा 379 भादवि
अप.क्र. 108/2015 / धारा 394 भादवि (थाना जावरा, जिला रतलाम)
- **आरोपी क्रमांक-2 कान्हा पिता लगजीराम मोंगिया**
उम्र 30 वर्ष, निवासी लेकोडा, थाना नीलगंगा, जिला उज्जैन
अप.क्र. 345/2009 / धारा 457, 380 भादवि (थाना नीलगंगा, उज्जैन),
अप.क्र. 670/2011 / धारा 379 भादवि (थाना महाकाल, उज्जैन)
अप.क्र. 527/2020 / धारा 379 भादवि (थाना महाकाल, उज्जैन)
अप.क्र. 394/2025 / धारा 457, 380 भादवि (थाना तेजाजी नगर)
- **आरोपी क्रमांक-3 अंबाराम पिता नागूलाल मालवीय**
उम्र 29 वर्ष, निवासी जूनापानीखेड़ा, थाना तराना, जिला उज्जैन
अप.क्र. 144/2021 /धारा 379, 411 भादवि (थाना चिमनगंजमंडी, देवास), अप.क्र. 508/2022 / धारा 354, 454, 506 भादवि

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर निरीक्षक वीरेन्द्र धाकड़, उपनिरीक्षक अजय यादव, प्रवीण जाट, अनिल राहोरिया, विवेक शर्मा, प्रधान आरक्षक दीपक यादव, केशव राजपूत, शैलेन्द्र सिंह, संजय बाथम, वीरेन्द्र रावत, आरक्षक राहुल मीणा, राजकुमार रघुवंशी, दिनेश किरार, परमेश्वर दास, प्रवीण यादव, बलवीर मीणा, धीरेन्द्र , पीयुष गुप्ता, पुष्पेन्द्र एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। तकनीकी टीम में उप निरीक्षक जितेंद्र अजनारे, आरक्षक आर. 326 हितेश आर. 1023 अशोक राहोरिया का योगदान रहा।

# विधायक दांगी ने सपत्नीक श्री श्याम मंदिर निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



हमारा श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में स्थानीय पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में बैठक का आयोजन विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य मे हुई । जहां पर श्री श्याम मंदिर निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में श्याम बाबा के भक्तों ने कहा कि लगभग दो वर्ष पूर्व (आपसे) याने विधायक हजारीलाल दांगी से श्रीश्याम मंदिर के विषय में चर्चा हुई थी, जिसमें आपने मंदिर हेतु उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने एवं मंदिर निर्माण में सहयोग देने का आश्वासन दिया था। इस पर बैठक में श्याम मित्र मंडल के सदस्यों से विधायक ने तत्काल कहा कि बटावदा रोड पर पूर्व आश्वासन के अनुरूप श्रीश्याम मंदिर के लिए निर्माण किया जाय। वह जगह उचित है जहां पर मंदिर निर्माण के अलावा पर्याप्त जगह है जिसमें श्रद्धालु भक्तों के लिए भण्ड़ारे सहित धार्मिक आयोजन के लिए एक बड़ा लम्बा चौड़ा परिसर हो जाएगा। ताकि क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास को नई दिशा मिल सके। बैठक के निर्णय अनुसार विधायक हजारीलाल दांगी सपत्नीक श्री श्याम मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया। भूमि पूजन में सभी सदस्यों में उत्साह की लहर नजर आ रही थी। उल्लेखनीय है कि नगर में खाटू श्याम मंदिर निर्माण की लंबे समय से श्री श्याम भक्तों का प्रयाग जारी था जिसे विधायक के कर कमलों से भूमि पूजन से निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, मुरली सेन आदि शामिल हुए।

# शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में राष्ट्रीय सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहगढ़ द्वारा 10 एवं 11 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार भारतीय ज्ञानपरंपरा - विज्ञान, संस्कृति एवं दर्शन का समन्वय आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। सेमिनार के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस. के. जैन कुलगुरु, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार अनुभागीय अधिकारी राजस्व एवं जनभागीदारी अध्यक्ष की उपस्थिति भी रहेगी। आयोजन का उद्घाटन समारोह 10 फरवरी को प्रातः 10.50 बजे शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ परिसर में संपन्न होगा। संयोजक राष्ट्रीय सेमिनार डॉ. सुनीता गुप्ता के अनुसार इस सेमिनार में देश के शिक्षाविद्, शोधकर्ता और पत्रकार प्रतिनिधियों की सहभागिता अपेक्षित है। सेमिनार का उद्देश्य भारतीय ज्ञानपरंपरा के विविध आयामों पर विचार-विमर्श कर उसके विज्ञान, संस्कृति व दार्शनिक पक्षों के समन्वय को उजागर करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतनकुमार त्रिपाठी ने सभी बुद्दीजीवी बंधुओएवं पत्रकारों बंधुओं को उद्घाटन सत्र में सादर आमंत्रित किया है। आयोजन से संबंधित और जानकारी के लिए महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

**लगातार दूसरे वर्ष भी जारी है सुबह 8 बजे की स्पेशल क्लास**

# नवाचार और समर्पण: बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए सारथी बने शिक्षक गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

कहते हैं कि यदि शिक्षक ठान ले तो किसी भी बाधा को अवसर में बदला जा सकता है। शासकीय कन्या शाला खुजनेर में माध्यमिक शिक्षक (अंग्रेजी) गोविन्द गुप्ता ने इस उक्ति को धरातल पर चरितार्थ कर दिखाया है। बोर्ड परीक्षाओं के आगामी सत्र को देखते हुए उन्होंने छात्राओं की तैयारी को एक नया आयाम देने के लिए अपनी निरूस्वार्थ सेवाएं पुनः शुरू कर दी हैं परंपरा बन रही है श्अतिरिक्त क्लासश यह कोई पहला अवसर नहीं है जब गोविन्द गुप्ता ऐसा कर रहे हैं।

पिछले वर्ष भी उन्होंने इसी प्रकार विद्यालय समय से पूर्व अतिरिक्त कक्षाएं ली थीं, जिसका सुखद परिणाम बोर्ड परीक्षा के बेहतरीन नतीजों के रूप में सामने आया था। उसी सफलता को दोहराने के लक्ष्य के साथ, वे इस वर्ष भी कड़ाके की ठंड की परवाह किए बिना प्रातः 8 बजे कन्या शाला खुजनेर पहुंच कर छात्राओं को अंग्रेजी विषय की बारीकियां सिखा रहे हैं प्राचार्य ने बताया श्अनुकरणीय उदाहरणश संस्था के प्राचार्य श्री हितेश सोनी ने श्री गोविन्द गुप्ता जी के इस जज्बे की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। प्राचार्य हितेश सोनी ने कहा - गुप्ता जी का यह समर्पण पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। पिछले साल के शानदार परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया था कि अतिरिक्त परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। उनके द्वारा स्वेच्छा से सुबह 8 बजे उपस्थित होकर छात्राओं का मार्गदर्शन करना शिक्षण के प्रति उनकी गहरी निष्ठा को दर्शाता है। अन्य के लिए भी यह एक अनुकरणीय प्रेरणा बेटियों के भविष्य को मिल रही नई उड़ान कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राओं का कहना है कि अंग्रेजी जैसे कठिन विषय को गोविन्द गुप्ता ने बहुत ही सरल बना दिया है। सुबह के शांत वातावरण में होने वाली इस पढ़ाई से उनकी एकाग्रता बढ़ी है अभिभावकों ने भी प्राचार्य हितेश सोनी और शिक्षक श्री गुप्ता के इस साझा प्रयास की सराहना करते हुए इसे शासकीय विद्यालयों के गौरव को बढ़ाने वाला कदम बताया है।

**एनएसएस शिविर के चतुर्थ दिवस विविध गतिविधि का आयोजन**

# श्रमदान कर किया पौधरोपण, क्यारियों को किया सुव्यवस्थित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकान्द महाविद्यालय सारंगपुर की छै इकाई द्वारा ग्राम धनोरा में आयोजित कैंप के चतुर्थ दिवस स्वयंसेवकों द्वारा सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक चेतना से परिपूर्ण विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। दिन का शुभारंभ प्रातःकाल श्रमदान से हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने शिविर परिसर स्थित वृक्षारोपण क्षेत्र में क्यारियों को सुव्यवस्थित किया। क्यारियों की साफ-सफाई, मिट्टी समतलीकरण एवं पौधों की देखरेख कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसी के साथ विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया गया ।इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी एवं सतत विकास की भावना विकसित करना रहा।

इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य किया गया। सर्वे के दौरान ग्रामीण स्थानीय नागरिकों से संवाद कर स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक समस्याओं से संबंधित जानकारी एकत्र की गई। इस सर्वेक्षण के माध्यम से छात्रों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझने एवं समस्याओं के समाधान हेतु संवेदनशील बनने का अवसर प्राप्त हुआ। दोपहर पश्चात शिविर परिसर में एक बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय "राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका एवं सामाजिक समरसता" रहा। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में बद्रीलाल बामनिया ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद सारंगपुर एवं सुशील व्यास उपस्थित रहे।

# मंत्री पंवार ने उपमुख्यमंत्री से ट्रॉमा सेंटर के लिए स्टाफ की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम उठाते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने भोपाल में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से भेंट कर ब्यावरा शासकीय चिकित्सालय में स्वीकृत ट्रॉमा सेंटर की आगामी प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की।

चर्चा में ट्रॉमा सेंटर के लिए आवश्यक आधुनिक चिकित्सा उपकरण, आवश्यक स्टाफ, तथा अन्य संसाधनों की उपलब्धता को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। मंत्री पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार जन-स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और ब्यावरा क्षेत्र में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई मजबूती प्रदान करेगी। यह केंद्र न केवल समय पर जीवन रक्षक उपचार उपलब्ध कराएगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों को बड़े शहरों की ओर रेफर होने की मजबूरी से भी राहत दिलाएगा।

# पारीक की स्मृति में लगा नेत्र शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



लायंस क्लब द्वारा नेत्र जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन राधेश्याम पारीक (पपडेल वालों) की स्मृति में पारीक मेडिकोज एण्ड पैथोलॉजी लैब के सौजन्य से आयोजित किया गया। नगर के सिविल अस्पताल में आयोजित शिविर में सर्वप्रथम परम पूज्य गुरुदेव श्री रणछोड़ दास जी महाराज एवं स्व. राधेश्याम पारीक के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के डॉक्टर द्वारा 152 मरीज का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 54 मरीज का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर हेतु भेजा गया शिविर में 72 मरीजों को चश्मा व दवा वितरित की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के डॉक्टर जितेन्द्र पाठक, डॉ कृष्णपाल,लायन एडवोकेट महेंद्र सिंह, लायंस प्रदीप गुप्ता, गिरिराज भंडारी,देवेंद्र कुमार पारीक, राकेश गुप्ता (बंटी), सतीश पारीक आयोजन कर्ता गजेंद्र पारीक, डॉ तरुण पारीक, विशाल पारीक आदि उपस्थित थे।

# महर्षि पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह एवं वर्ष भर चली गतिविधियों के विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी, डॉ बीएल गुर्जर, संचालक देवनारायण दांगी, वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर वरदानियां शिक्षक देवीलाल गुर्जर, शरद भावसार की उपस्थित में समस्त अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिसमें देशभक्ति गीत सहित बच्चों को प्रेरित करते हुए शैक्षणिक क्षेत्र कि ओर अग्रसर किया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा कक्षा बारहवीं के बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शिवरात्रि को लेकर आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आवास स्थित नवनिर्मित भवन में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि परमपिता परमात्मा शिव निराकार, ज्योति स्वरूप, अजन्मा और स्वयंभू हैं। वह संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं तथा ब्रह्मा, विष्णु और शंकर के भी रचयिता माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को निर्वैर कहा गया है,जो सबका भला करते हैं अतः हमें अपने जीवन से काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों को त्यागकर उन्हें अर्पण करना चाहिए। यही सच्ची शिवरात्रि का संदेश है। ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज में किए जा रहे आध्यात्मिक और नैतिक कार्यों की सराहना की। जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मिक शांति का संचार करते हैं। युवाओं और महिलाओं को इन आध्यात्मिक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।

**सौंधिया राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज**

# 79 युगल बंधेंगे परिणय सूत्र में, 39 वर्षों में 16 हजार विवाह करवा चुका समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सौंधिया राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज राजगढ़ रोड स्थित बामलाबे जोड़ सामाजिक परिसर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में 79 नवयुगल वैदिक विधि-विधान के साथ दांपत्य जीवन में प्रवेश करेंगे। समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील सिंह सरावत ने बताया कि समाज संगठन द्वारा फिजूलखर्ची पर रोक लगाने और सामाजिक समरसता बनाए रखने के उद्देश्य से यह सम्मेलन पिछले 39 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। समाज हितों चरितार्थ करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने भी अपने बेटों की शादियां सम्मेलन से करके समाजहितों को सर्वोपरी माना था।



### 1987 में हुई थी ऐतिहासिक शुरुआत

समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह बामलाबे के नेतृत्व में 21 मार्च 1987 को बामलाबे गांव में पहला सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें 13 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे थे। इसके बाद यह पहल एक सामाजिक आंदोलन का रूप लेती चली गई। इसके तहत अब तक राजगढ़ जिले सहित आगर मालवा, मंदसौर, नीमच, उज्जैन, रतलाम एवं झालावाड़ जिलों में 130 से अधिक सम्मेलन आयोजित हो चुके हैं। इन सम्मेलनों के माध्यम से अब तक करीब 16 हजार नवयुगल विवाह बंधन में बंध चुके हैं।

### दो माह से चल रही थी तैयारियां

समाज के ब्यावरा ब्लॉक अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां पिछले दो माह से की जा रही थीं। आज शुभ मुहूर्त में पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया जाएगा। सम्मेलन में लगभग 30 हजार लोगों के लिए भोजन व्यवस्था की गई है।

### विरोध से स्वीकृति तक का सफर

80 के दशक में जब सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरुआत हुई थी, तब समाज में जागरूकता के अभाव में इसका विरोध भी हुआ। समाज के वरिष्ठ जनों ने अपने पुत्रों के विवाह सम्मेलन में किए, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार, प्रताप सिंह सिसोदिया, हरिसिंह धामन्दा, उदय सिंह झिरी, विनय सिंह कीलखेडा, शिव सिंह बामलाबे प्रमुख रहे, इनके आगे आने से समाज की समय के साथ सोच बदली और आज स्थिति यह है कि जिले में हर वर्ष चार से अधिक सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं। सिर्फ 2009 से अब तक बामलाबे जोड़ परिसर में ही 3065 जोड़ों का विवाह संपन्न हो चुका है।

### फिजूलखर्ची पर प्रभावी रोक

समाज के पदाधिकारियों ने स्वयं अपने बच्चों के विवाह इन सम्मेलनों में कराकर उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे समाज में आर्थिक असमानता न रहे और सभी परिवार आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। वर्ष 1987 में वर-वधु पक्ष से मात्र 2100 रुपए लिए जाते थे, जो अब 16000 रुपए हैं। इस राशि में गृहस्थी का संपूर्ण सामान भी उपहार स्वरूप प्रदान किया जाता है।

### बाल विवाह पर सख्त प्रतिबंध

आयोजन समिति द्वारा बाल विवाह पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। विवाह पंजीयन के समय प्रत्येक वर-वधु की अंकसूची एवं आधार कार्ड से उम्र का सत्यापन किया जाता है। बालिग होने पर ही विवाह की अनुमति दी जाती है। सौंधिया राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष नारायण सिंह सालरिया खेड़ी ने कहा है कि यदि कोई फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करता है, तो उसे कार्यक्रम स्थल से बाहर कर प्रशासन को सूचित किया जाता है।